राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर भाभड़ा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री हरि शंकर भाभड़ा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि हरिशंकर भाभड़ा राष्ट्रीयता के विचारों से ओतप्रोत संसदीय परंपराओं में गहरी आस्था रखने वाले विरल राजनीतिज्ञ थे। वह आम जन के प्रति जवाबदेही शासन व्यवस्था और राजनीति में शुचिता के प्रबल पक्षधर थे। उनका निधन अपूरणीय क्षति है।

राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

————————